


## रेड कार्पेट पर आ गई टॉपलेस महिला, बॉडी पर लिखे थे रूस के खिलाफ स्लोगन

फ्रांस में चल रहा कान फिल्म फेस्टिवल इन दिनों सुर्खियों में है। इस फिल्म फेस्टिवल में दुनियाभर की फिल्मी हस्तियां शिरकत कर रही हैं। जहां एक तरफ सोशल मीडिया पर फिल्मफेस्टिवल के रेड कार्पेट पर फिल्मी हस्तियों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं वहीं शुक्रवार को कुछ ऐसा हुआ जिससे सभी एकदम सकते में आ गए। फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर एक महिला टॉपलेस अर्धनग्न अवस्था में पहुंच गई और यूक्रेन में महिलाओं के साथ हो रही यौन हिंसा के लिए प्रोटेस्ट करने लगी। द हॉलिवुड रिपोर्टर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने अचानक रेड कार्पेट पर आकर अपने सभी कपड़े उतार दिए और घुटनों के बल बैठने के बाद तस्वीर ले रहे फटॉग्रफर्स के सामने चीखने लगी। चश्मदीद लोगों की मानें तो इसके तुरंत बाद वहां मौजूद सिक्यॉरिटी गार्ड महिला के पास पहुंचे और उसके टॉपलेस शरीर को कोट से ढक दिया। महिला ने अपने शरीर को यूक्रेन के झंडे के रंग में रंगा हुआ था और उसकी छाती और पेट पर लिखा था, हमारा रेप करना बंद करो। महिला ने अपने लोअर बैक को लाल रंग से रंगा हुआ था।

## 46 साल पहले कान्स गई थीं शबाना आजमी, जेब में नहीं थे पैसे

कान्स फिल्म फेस्टिवल ये नाम सुनते ही सामने उकरता है रेड कार्पेट, उस पर एक से बढ़कर एक खूबसूरत ड्रेसेस पहनकर चलती हसीनाएं... उन्हें कैमरे में कैद करने के लिए खड़े ढेर सारे फोटोग्राफर्स। कुछ ऐसी ही इमेज आपके भी दिमाग में बनती होगी! लेकिन सालों पहले ऐसा नहीं था। पहले कान्स फिल्म फेस्टिवल का मतलब होता था, अच्छी फिल्में। तब कपड़े और मेकअप मैटर नहीं करते थे, काम को तवज्जो मिली थी। ऐसा बॉलिवुड की दिग्गज ऐक्ट्रेस शबाना आजमी का कहना है। उन्होंने 46 साल पहले निशांत फिल्म के लिए स्मिता पाटिल और फेमस फिल्ममेकर श्याम बेनेगल के साथ इस महोत्सव में शिरकत की थी। तब उनके पास पैसे तक नहीं थे। उन्होंने वहां जाकर किस तरह से देश का मान बढ़ाया था, इस बारे में उन्होंने खुद खुलासा किया है। बता दें कि इस समय फ्रांस में कान्स फिल्म फेस्टिवल हो रहा है, जिसमें बॉलिवुड की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की है। इनमें ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, हेली शाह, तमन्ना, पूजा हेगड़े सहित तमाम ऐक्ट्रेसेस शामिल हैं।

## भूल भुलैया 2 के सामने कंगना की धाकड़ हुई पस्त



बॉक्स ऑफिस पर 20 मई 2022 यानी बीते शुक्रवार कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 2 और कंगना रनौत की धाकड़ रिलीज हुई। इन दोनों फिल्मों के पहले दिन के कमाई के जो आंकड़े सामने आए हैं उसे देख कंगना रनौत के फैंस को खासा झटका लग सकता है लेकिन कार्तिक आर्यन के फैंस जरूर खुशी से उछल पड़ेंगे। दरअसल बॉक्स ऑफिस की भूल भुलैया में कंगना की धाकड़ गुम हो गई। इसे इतना बुरा झटका लगा कि फिल्म धाकड़ ने पहले दिन महज 1.25 करोड़ कमाए। जबकि श्भूल भुलैया 2श ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 14 करोड़ की धमाकेदार कमाई के साथ ओपनिंग की। पहले बात करते हैं कार्तिक आर्यन, राजपाल यादव और कियारा आडवाणी स्टारर भूल भुलैया 2 की जिसने बॉक्स ऑफिस पर वो कमाल कर दिखाया है जो कोरोना के बाद कई फिल्में नहीं दिखा पाई है। कार्तिक आर्यन की धमाकेदार परफॉर्मेंस और अनीस बजमी का निर्देशन फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। यही वजह है कि भूल भुलैया 2 कोरोना काल के बाद टॉप सैकेंड हाईएस्ट ओपनिंग करने वाली फिल्म बन चुकी है। भूल भुलैया 2 ने 14 करोड़ की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाढ़ दिए हैं। सूर्यवंशी के बाद भूल भुलैया 2 दूसरी ऐसी फिल्म बन गई है जिसने कोरोना काल के बाद धमाकेदार कमाई की हो।

# एंबर से शादी से पहले एंजिलिना जोली ने दी थी जॉनी डेप को चेतावनी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



हॉलिवुड के मशहूर ऐक्टर जॉनी डेप और एंबर हर्ड के बीच चल रहे केस की सुनवाई इस समय हर तरफ सुर्खियों में है। इस केस की सुनवाई के दौरान जॉनी और एंबर के रिलेशनशिप के बारे में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। साल 2017 में तलाक होने से पहले दोनों ने एक-दूसरे के ऊपर घरेलू हिंसा और मारपीट के आरोप लगाए हैं। इस केस की सुनवाई के दौरान हॉलिवुड के सिलेब्स और फैन्स दो भागों में बंट गए हैं। कुछ लोग जहां जॉनी डेप को सपोर्ट कर रहे हैं वहीं कुछ लोग एंबर के आरोपों को सही मान रहे हैं। वैसे एंबर से शादी से पहले हॉलिवुड स्टार एंजिलिना जोली ने जॉनी डेप को चेतावनी दी थी।

**एंजिलिना ने की थी शादी रोकने की कोशिश**

जॉनी और एंबर की मुलाकात फिल्म द रम डायरी की शूटिंग के दौरान पहली बार हुई थी। इसके बाद दोनों एक-दूसरे को डेट करने लगे। बाद में साल 2015 में दोनों ने शादी कर ली थी। हालांकि इस शादी से पहले एंजिलिना ने जॉनी को एंबर से शादी करने से रोकने की कोशिश की थी। जॉनी और एंजिलिना ने साथ में 2010 में आई फिल्म श्द टूरिस्टश में साथ काम किया था। जॉनी और एंबर की शादी से पहले 2014 की बात है जब एंजिलिना ने जॉनी को शादी करने से रोकना चाहा था।

**एंबर को पसंद नहीं करती थी ऐंजिलिना**

एक एंटरटेनमेंट पोर्टल की रिपोर्ट की माने तो तब एंजिलिना ने जॉनी को सलाह दी थी कि वह एंबर से शादी से पहले एक समझौते पर साइन कर लें ताकि बाद में दिक्कतें पेश नहीं आएं। एंजिलिना को ऐसा लगता था कि जॉनी पर एंबर की सुंदरता का जादू हो गया है



और इसीलिए वह बिना कुछ सोचे-समझे अपनी उम्र से लगभग आधी वाली ऐक्ट्रेस से शादी करने के बारे में सोच रहे हैं। कहा जाता है कि जोली तब भी एंबर को बिल्कुल पसंद नहीं करती थीं और शायद इसीलिए एंबर से जॉनी की इंगेजमेंट होने के तुरंत बाद उन्होंने यह चेतावनी दी थी।

**एवा ग्रीन ने खुलकर किया जॉनी का सपोर्ट**

इस बीच बता दें कि कई और सिलेब्स भी केस की सुनवाई के दौरान जॉनी के सपोर्ट में आ गए हैं। उनके साथ काम कर चुकीं ऐक्ट्रेस एवा ग्रीन ने खुलकर जॉनी का सपोर्ट किया है। उन्होंने जॉनी के साथ अपनी एक तस्वीर सेयर करते हुए लिखा, मुझे इस बात पर कोई भी शक नहीं है कि जॉनी एक बार फिर अपनी अच्छी इमेज और सुंदर दिल के साथ दुनिया के सामने आएंगे और उनकी और उनके परिवार की जिंदगी पहले से बेहतर होगी। एवा ग्रीन ने भी जॉनी डेप के साथ साल 2012 में आई फिल्म डार्क शैडोज में काम किया था।

**क्या है पूरा मामला?**

जॉनी डेप और एंबर हर्ड की शादी साल 2015 में हुई थी लेकिन यह केवल 1 साल ही चली। दोनों के बीच तलाक के बाद एंबर हर्ड ने साल 2018 में द वॉशिंगटन पोस्ट में एक आर्टिकल लिखा जिसमें उन्होंने जॉनी का नाम लिए बगैर उन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। इसी आर्टिकल के आधार पर जॉनी डेप ने एंबर पर मानहानि करने के लिए 50 मिलियन डॉलर के केस कर दिया। दूसरी तरफ एंबर हर्ड ने जॉनी के ऊपर घरेलू और यौन हिंसा के सनसनीखेज आरोप लगाते हैं 100 मिलियन डॉलर का दावा ठोक दिया है।

# तीन घंटे एयरक्राफ्ट में फंसे रहे पर मदद नहीं मिली

*ऐक्ट्रेस दिया मिर्जा ने एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने विस्तारा की लापरवाही का जिक्र किया है। साथ ही एयरलाइन के खिलाफ शिकायत भी की है। शनिवार 21 मई को ट्वीट कर बताया कि पहले फ्लाइट को डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद पैसेंजर्स से इंतजार करने को कहा गया। साथ ही एयरलाइन के किसी भी स्टाफ ने आगे आकर मदद भी नहीं की। इतना ही नहीं पैसेंजर्स के सामान का भी अता-पता नहीं लगा।*



दिव्या ने 21 मई की सुबह 3 बजे ट्वीट किया, विस्तारा फ्लाइट UK940 जो मुंबई से दिल्ली जा रही थी, उसे जयपुर की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। इसके बाद पैसेंजर्स से इंतजार करने के लिए कहा गया। ऐक्ट्रेस ने बताया कि करीब तीन घंटे तक लोगों ने एयरक्राफ्ट में इंतजार किया और उनको उतरने के लिए भी नहीं कहा गया। इतना ही नहीं विस्तारा या एयरपोर्ट का कोई अधिकारी भी मददद करने के लिए नहीं आया और न उनसे सवाल का जवाब देने के लिए वहां मौजूद था। उनके बैग्स कहां हैं, ये तक भी किसी को नहीं मालूम था।

**एयरलाइन्स की लापरवाही, मंत्री जी से मांगी मदद**

जैसा कि विस्तारा ने 20 मई की रात 10:37 पर ट्वीट कर बताया था कि दिल्ली में खराब मौसम की वजह से फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया जा रहा है। इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन में दिया के साथ-साथ बाकी कइयों ने भी शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि फ्लाइट कैंसिल होने के बाद उनकी मदद के लिए कोई नहीं आया। एक ने लिखा, जयपुर में फ्लाइट रात 11 बजे लैंड हुई और हम सवा दो बजे तक एयरक्राफ्ट में फंसे रहे। बाद में हमें ये कहा गया कि फ्लाइट कैंसिल है। और हमसे कहा गया कि सभी पैसेंजर्स दिल्ली जाने के लिए अपनी व्यस्था कर लें। यूजर्स ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टैग कर मदद की गुहार लगाई।

**दिया मिर्जा की अपकमिंग फिल्में**

बता दें कि दिया ग्रेटर नोएडा में श्धक धकश् की शूटिंग कर रही हैं। इस दौरान उनके साथ एक साल का बेटा अव्यान आजाद रेखी भी था। इस फिल्म में फातिमा सना शेख, रत्ना पाठक शाह और संजना सांघी भी हैं। तापसी पन्नू इसकी को-प्रड्यूसर हैं और तरुण डुडेजा डायरेक्टर हैं। इस फिल्म की चार महिलाओं के स्ट्रगल की कहानी दिखाई जाएगी, जो 2023 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।